दिन–बुधवार दिनांक– 01 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या प्रक्रिया, जनगणना–दो हजार सत्ताईस का पहला चरण आज से शुरू हो गया है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास गणना तथा दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। इसके लिए एक मार्च, दो हजार सत्ताईस संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। पहली बार, जनगणना डिजिटल माध्यम से हो रही है, जिसमें स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध है। यह स्व–गणना आज से इस महीने की पंद्रह तारीख तक चलेगी। वहीं, मकान सूचीकरण और आवास गणना सोलह अप्रैल से शुरू होकर पंद्रह मई तक जारी रहेगी। मकान सूचीकरण में सभी भवनों और संरचनाओं की सूची तैयार की जाएगी तथा आवासीय स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जाएगी। भवनों की जियो–टैगिंग भी की जाएगी और प्रत्येक संरचना को एक विशिष्ट पहचान संख्या दी जाएगी। देशभर में इस कार्य के लिए तीस लाख से अधिक गणनाकर्मी, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी तैनात किए गए हैं।

साथ ही, नागरिक सोलह भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

———————————————————

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच तेल विपणन कंपनियों ने महानगरों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट के अनुसार पटना में उन्नीस किलो वाले व्यावसायिक सिलेंडर का दाम दो सौ बीस रुपये बढ़कर दो हजार तीन सौ तिरेपन रुपये पचास पैसे हो गया है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी है।

———————————————————

नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा शीतलाष्टमी मंदिर में भगदड़ में आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत के मामले में पुलिस ने पांच पंडा को गिरफ्तार किया है। इन सभी पंडा पर पैसे लेकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराने का आरोप है। साथ ही इस मामले में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष समेत बीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इस बीच, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने आज मंदिर परिसर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि कल की घटना में प्रबंधन स्तर पर चूक हुई है। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मंदिरों का पंजीकरण और बेहतर प्रबंधन को अनिवार्य किया जाएगा।

———————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने डीआरडीए के निदेशक वैभव कुमार के सहरसा के नया बाजार के सराही मोड़ स्थित आवास और मुजफ्फरपुर स्थित छह ठिकानों पर छापेमारी की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये छापेमारी की गयी। वैभव कुमार पर पद का दुरुपयोग करते हुए लगभग दो करोड़ इकतालीस लाख रुपए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

———————————————————

रेलवे जम्मू तवी और छपरा के बीच छह अप्रैल से एक विशेष आरक्षित रेलगाड़ी का परिचालन शुरू करेगा। इस ट्रेन से बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब जाने वाले यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। यह ट्रेन अप और डाउन में कठुआ, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, गोरखपुर और छपरा कचहरी सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में वातानुकूलित, स्लीपर और जनरल क्लास के कोच रहेंगे।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक खगड़िया जिले के बेलदौर में छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, विभाग ने आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के उत्तरी, दक्षिण– पश्चिम

और दक्षिण–मध्य भाग के कुछ स्थानों पर चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।